पढ़े चलो, बढ़े चलो
RASHTRIYA MADHYAMIK SHIKSHA ABHIYAN

# प्रश्न बैंक

# विषय-जीव विज्ञान

## कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए

## वर्ष 2022–2023

समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी एजुकेशन)

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल
हायर सेकेण्डरी परीक्षा सत्र 2022–23
**BLUE PRINT OF QUESTION PAPER**

कक्षा :– 12वीं
विषय :– जीव विज्ञान

पूर्णांक :– 70
समय :– 3:00 घंटे

| क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| 1 | जनन | 16 | 07 | 3 | 1 | – | – | 4 |
| 2 | आनुवंशिकी तथा विकास | 16 | 05 | 2 | 1 | 1 | – | 4 |
| 3 | मानव कल्याण में जीव विज्ञान | 14 | 07 | 2 | 1 | – | – | 3 |
| 4 | जैव प्रौद्योगिकी | 12 | 05 | 1 | – | – | 1 | 2 |
| 5 | पारिस्थितिकी | 12 | 04 | – | 1 | – | 1 | 2 |
| | कुल योग | 70 | 28 | 16 | 12 | 4 | 10 | 15+4=19 |

**प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश –**

➢ **40% वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40% विषयपरक प्रश्न, 20% विश्लेषणात्मक प्रश्न होंगे।**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक 28 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प 07 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 07 अंक, एक वाक्य में उत्तर 07 अंक संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है।

2. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान इकाई/उप इकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों की उत्तर सीमा निम्नानुसार होगी –

| | | |
|---|---|---|
| अतिलघुउत्तरीय प्रश्न | 02 अंक | लगभग 30 शब्द |
| लघुउत्तरीय प्रश्न | 03 अंक | लगभग 75 शब्द |
| विश्लेषणात्मक | 04 अंक | लगभग 120 शब्द |
| | 05 अंक | लगभग 150 शब्द |

3. कठिनाई स्तर :– 40% सरल प्रश्न, 45% सामान्य प्रश्न, 15% कठिन प्रश्न।

सत्र 2022–23

कक्षा – 12वीं

विषय – जीव विज्ञान (231)

## पाठ्यक्रम में से हटाई गई विषयवस्तु

अध्याय–1 जीवों में जनन

अध्याय–9: खाद्य उत्पादन में वृद्धि की कार्यनीति

अध्याय–16: पर्यावरण के मुद्दे

## अध्याय सूची   पेज न.


अध्याय 1 **जीवो में जनन** --------------------------------------------------------------- **पाठ्यक्रम से हटाया गया**

अध्याय 2 **पुष्पी पादपों में लैंगिक प्रजनन** -----------------------------------------------------------------05

अध्याय 3 **मानव जनन** -------------------------------------------------------------------------------------09

अध्याय 4 **जनन स्वास्थ्य** ---------------------------------------------------------------------------------- 12

अध्याय 5 **वंशागति तथा विविधता के सिद्धांत** ---------------------------------------------------------------16

अध्याय 6 **वंशागति के आणविक आधार** ------------------------------------------------------------------20

अध्याय 7 **विकास** ------------------------------------------------------------------------------------------25

अध्याय 8 **मानव स्वास्थ्य तथा रोग** ---------------------------------------------------------------------------29

अध्याय 9 **खाद उत्पादन में वृद्धि की कार्यनीति** -------------------------------- **पाठ्यक्रम से हटाया गया**

अध्याय 10 **मानव कल्याण में सूक्ष्म जीव** ------------------------------------------------------------------32

अध्याय 11 **जैव प्रौद्योगिकी सिद्धांत व प्रक्रम** ---------------------------------------------------------------38

अध्याय 12 **जैव प्रौद्योगिकी एवं उनके उपयोग** -------------------------------------------------------------42

अध्याय 13 **जीव और समष्टिया** ---------------------------------------------------------------------------46

अध्याय 14 **पारितंत्र** -----------------------------------------------------------------------------------------49

अध्याय 15 **जेव विविधता एवं संरक्षण** -------------------------------------------------------------------51

अध्याय 16 **पर्यावरण के मुद्दे**------------------------------------------------ **पाठ्यक्रम से हटाया गया**

उत्तरमाला -----------------------------------------------------------------------------------------------------52

अध्याय 1 **जीवो में जनन को पाठ्यक्रम से हटाया गया हैं |**

# अध्याय-2

# पुष्पी पौधों में लैंगिक प्रजनन

**स्मरणीय बिंदु**

- पुष्पीय पौधों को आवृत्त बीजी **(Angiosperms)** पौधे कहते हैं जिनकी लगभग 300000 प्रजातियां धरती पर पाई जाती है।
- सबसे छोटा आवर्त बीजी पौधा वोल्फिया **(Wolffia)** तथा सबसे ऊंचा आवृत्तबीजी पौधा सिकुवा **(Sequa)** है।
- पौधों में तीन प्रकार से जनन होता है वर्धी प्रजनन, अलैंगिक प्रजनन तथा लैंगिक प्रजनन।
- पुष्प एक प्रकार से प्ररोह से विकसित भाग है जो कि **Floral Leaves** में वर्णको **(Pigments)** की उपस्थिति के कारण रंगीन हो जाते हैं।
- पुष्प के चार प्रमुख भाग है,बाह्दल **(Calyx),** दल **(Corolla),**पुंकेसर (Androecium) स्त्रीकेसर **(Gynoecium)**
- पुंकेसर में परागकणों का विकास लघुबीजाणु जनन **(Microsporogenesis)** द्वारा होता है।
- स्त्रीकेसर मे गुरु बीजाणु **(Megaspore/egg cell)** का निर्माण गुरुबीजाणु जनन या दीर्घ बीजाणु जनन **(Megasporogenesis)** द्वारा होता है।
- पुष्प का मादा भाग अंडप **(Carpel)** कहलाता है और अंडप द्वारा बीजांड **(Ovule)** का निर्माण होता है।
- लघुबीजाणु (परागकण) दीर्घबीजाणु **(Egg cell)** को निषेचित कर बीज का निर्माण करते हैं।
- समस्त आवृत्तबीजी में पॉलीगोनम **(Polygonum)** प्रकार का भ्रुणपोष पाया जाता है जो 8 केंद्रकीय तथा 7 कोशकीय संरचना है।
- आवृत्तबीजी में द्विनिषेचन **(Double fertilization)** तथा त्रिसंलयन **(Triple fussion)** पाया जाता है।

1. **बहुविकल्पीय प्रश्न-**

(i) कच्चे नारियल का नारियल पानी है -

(अ) अपरिपक्व भ्रूण (ब) मुक्त केंद्कीय भ्रूणपोष

(स) बीजचोल की सबसे अंदर वाली सतह (द) अपभ्रष्ट बीजांडकाय

(ii) बीज का परिवर्धन(विकास) होता है-

(अ) अंडाकोष से (ब) बीजांड से

(स) भ्रूणकोष से (द) परागकोष से

(iii) परागकोष के अंदर की भित्ति (पर्त) हैं -

(अ) एंडोथीशियम (ब) टेपिटम

(स) टेगमेन (द) एंडोकार्प

(iv) पौधे में निषेचन की खोज किस वैज्ञानिक ने की -

(अ) नवाश्चियन ने (ब) एमिकी ने (स) स्ट्रासबर्गर ने (द) पंचानन महेश्वरी ने

(v) द्विनिषेचन **(Double fertilization)** की खोज किस वैज्ञानिक ने की -

(अ) ल्यूवेनहॉक ने (ब) स्ट्रासबर्गर ने

(स) हाफमिस्टर ने (द) नवाश्चियन् ने

(vi) पॉलीगोनम **(Polygonum)** का भ्रूणपोष है-

(अ) 8 केंद्रकीय, 8 कोशकीय (ब) 7 केंद्रकीय,7 कोशकीय

(स) 8 केंद्रकीय,7कोशकीय (द) 7 केंद्रकीय,8 कोशकीय

(vii) अनिषेकजनन सामान्यतः पाया जाता है -

(अ) अंगूर (ब) आम (स) नींबू (द) लीची

(viii) केसर पौधे के किस भाग से प्राप्त होता है -

(अ) दल (ब) स्त्री केसर (स) पुंकेसर (द) पत्ती

(ix) अंजीर के पौधे में किस प्रकार का पुष्पक्रम पाया जाता है -

(अ) उदुम्बरक पुष्पक्रम (ब) कूटचक्र पुष्पक्रम

(स) मुंडक पुष्पक्रम (द) असीमाक्षी पुष्पक्रम

(x) वेलिसनेरिया में किस प्रकार का परागण होता है -

(अ) वायुपरागण (ब) जल परागण

(स) कीट परागण (द) स्वपरागण

**2.रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(i) सत्य फल का परिवर्धन................ होता है।

(ii) प्रांकुर में कॉलियोप्टाइल **(Coleoptile)**.....................का निर्माण हैं।

(iii) एक बीजपत्री बीज में एक बीजपत्रक होता है जिसे............कहते हैं।

(iv) भ्रूणपोष आवृत्त बीजियो में ........... गुणित होता है।

(v) एक भ्रूणपोष में सामान्यतः पाए जाने वाले केंद्रको की संख्या..........होती हैं।

(vi) जगत में सबसे छोटे एवं हल्के बीज..................... में उत्पन्न होते है।

(vii) नागफनी के पुष्प में बीजांड.....................प्रकार का होता है।

(viii) बिना निषेचन के अंडाशय के फल में विकसित होने की क्रिया ..........कहलाता है।

(ix) पराग नलिका की बीजांड द्वार की ओर गति........................कहलाती है।

(x) टेपीटम........................ को पोषण प्रदान करता है।

**3. एक शब्द में उत्तर दीजिए-**

(i) पुष्पी पौधों में कौन सी संरचना त्रिगुणित होती है ?

(ii) एंडोथीसियम किसमें सहायक होती है ?

(iii) जो पुष्प सदैव बंद रहते हैं, उन्हें क्या कहा जाता हैं ?

(iv) अंडाशय से फल का निर्माण होने पर, वह फल क्या कहलाता है ?

(v) किस पौधे की पराकण से त्वचीय एलर्जी होती है ?

(vi) आवृतबीजी पौधों में किस प्रकार का बीजांड पाया जाता है ?

(vii) पोलोनियम किस पौधे में पाया जाता है ?

(viii) पुष्प के स्त्रीकेसर भाग लिखिए।

(ix) आवृत्तबीजीय पोधों में सामान्यतः कितनी प्रतिध्रुव कोशिकाए पाई जाती है ?

(x) मूंगफली में किस प्रकार का पुष्प पाया जाता है ?

4. **सही जोड़ियां बनाइए**

**1.**

| कालम A | कालम B |
|---|---|
| (i) अनिषेकजनन **(Parthenogenesis)** | (अ) बीज रहित फल |
| (ii) बहुभ्रूणता **(Polyembryony)** | (ब) बिना निषेचन के अलैंगिक जनन |
| (iii) असंगजनन **(Apomixis)** | **(**स) अनानास |
| (iv) अनिषेकफलन (Parthenocarpy) | (द) अनिषेचित अंड से भ्रूण बनना |
| (v) आभासी फल (false fruit) | (ई) एकबीज में एक से अधिक भ्रूण निर्माण |
| (vi) पुंज फल (aggregate) | (फ) रसभरी,मदार |
| (vii) संग्रथितफल (composite fruit) | (ग) सेव |

**२. सही जोड़ी मिलाइए**

| कालम A | कालम B |
|---|---|
| (i) एनीमोफिली (anemophili) | (अ) जल द्वारा परागण |
| (ii) एंटेमोफिली (entemophili) | (ब) वायु द्वारा परागण |
| (iii) जूफीली (zoophili) | (स) चमगादड़ द्वारा परागण |
| (iv) हाइड्रोफिली (hydrophili) | (द) वायु परागण |
| (v) कायरप्टोफिली (chireptophili) | (ई) स्तनधारियों द्वारा परागण |
| (vi) मैलकोफिली (malchophili) | (फ) कीटोद्वारा परागण |
| (vii) ऑर्नथोथिरोफ (ornithophili) | (ग) घोंघा द्वारा परागण |
| (viii) थेरोफिली (therophili) | (ह) पक्षियों द्वारा परागण |

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न -** **2 अंक**

1. लघुबीजाणु अथवा परागकण का नामांकित चित्र बनाइए।
2. पोलीनियम का चित्र बनाइए।
3. स्वपरागण के कोई दो महत्व लिखिए।
4. परागण किसे कहते हैं उदाहरण दीजिए।
5. स्वपरागण की कोई दो हानियां लिखिए।
6. पर परागण से कोई दो लाभ लिखिए।
7. बेगिंग (Bagging) किसे कहते हैं ?
8. विपुंसन किसे कहते हैं ?

9. आभासी फल किसे कहते हैं?

10. टेपिटम के कोई दो महत्व लिखिए।

**लघु उत्तरीयप्रश्न** **3 अंक**

1. लघु बीजाणूधानी की विभिन्न परतों को सचित्र समझाइये।
2. अनिषेकफलन (Parthenogenesis)पर टिप्पणी लिखिए।
3. एक प्रारूपिक पुष्प की लंबवत काट का नामांकित चित्र बनाइए।
4. बहुभ्रूणता (Polyembryony) संक्षेप में समझाइए।
5. पुष्प के नर व मादा जननांगों के केवल नाम लिखिए।
6. साल्विया (Salvia) में कीट परागण को समझाइए।
7. निषेचन किसे कहते हैं ? पुष्पी पौधों में निषेचन को समझाइए।
8. वेलिसिनरिया में परागण को समझाइए।
9. स्वपरागण एवं पर परागण में कोई तीन अंतर लिखिए।
10. बीजांड (Ovule) की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए।
11. लघुबीजाणुजनन (परागकण) को संक्षेप में सचित्र समझाइए।
12. मोनोस्पोरिक (Monospori) भ्रुणपोष एवं बाईस्पोरिक (Bisporic) भ्रुणपोष विकास किसे कहते है ? व्याख्या कीजिये।
13. बीजांड (Ovule) के प्रकारों को केवल नामांकित चित्र द्वारा निरूपित कीजिये।
14. नर युग्मोमकोदभिद (Male Gametophytes) एव मादा युग्मोमकोदभिद (femaleGametophytes) में अंतर स्पष्ट कीजिए।
15. परागण किसे कहते हैं ? परागण के प्रकारों को संक्षेप में समझाइए।
16. द्विनिषेचन (Double fertilization) एवं त्रिसंलयन (Triple fussion)से आप क्या समझते हैं ? सचित्र समझाइए।
17. भ्रूणपोष (Endosperm) क्या है ? इसके कार्य लिखिए।
18. बीजांड से बीज बनने में होने वाले परिवर्तनों को संक्षेप में लिखिए।
19. फल किसे कहते हैं ? स्फुटन (Dehiscent) के आधार पर फलों के प्रकारों को लिखिए।
20. असंगजनन (Apomixis) क्या है ? इसके प्रकारों को संक्षेप में समझाइए।

-----------------------------------------------------------xx-------------------------------------------------------------------

## अध्याय -3

# मानव जनन

**स्मरणीय बिंदु-**

- स्तनी के शुक्राणु का एक्रोसोम कुछ एंजाइमों का श्रावण करता है|
- शुक्राणु का संग्रह शुक्राशय में होता है |
- फेलोपियन ट्यूब अंडवाहिनी का भाग है|
- वृषण में अतराली कोशिकाओं द्वारा लिंग हार्मोन का स्त्राव होता है|
- निषेचन की क्रिया अंडवाहिनी में होती है|
- गर्भाशय में अपरा भ्रूण को पोषण प्रदान करता है|
- मानव लैंगिक उत्पत्ति वाला जीव है |
- मानव में आंतरिक निषेचन होता है |
- नर तथा मादा युग्मक अगुणित होते हैं|
- युगमनज द्विगुणित होता है |
- शुक्राणु जनन में शुक्राणुओं का व अंडाणुजनन में अंडाणुओं का निर्माण होता है|

**1.सही विकल्प चुनकर लिखिये –**

1.युग्मनज होता है -

(अ) अगुणित (ब) द्विगुणित (स) त्रिगुणित (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

2.मानव है -

(अ) अंडप्रजक (ब) सजीव प्रजक (स) अंड जरायुज (द) (अ)एवं (ब) दोनों

3.कितने द्वितीयक शुक्र कोशिकाओं से 200 शुक्राणु बनेंगे॰-

(अ) 100 (ब) 200 (स) 10 (द) 20

4.IVF में स्थानान्तरित किया जाता है -

(अ)16 कोरक खण्डो वाले भ्रूण को फैलोपियन नली में (ब) अण्डाणु को फेलोपियन नली में

(स) युग्मनज को फेलोपियन नली में (द) युग्मनज को गर्भाशय में

5.ध्रुवीय काय का निर्माण होता है-

(अ)अण्डजनन में (ब) शुक्रजनन में (स) निषेचन में (द) शुक्र कायान्तरण में

6.मनुष्य में भ्रूणीय झिल्लियों की संख्या होती है -

(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 0

7. इम्प्लान्टेशन वह क्रिया है जिसमें

(अ)अण्डे का निषेचन (ब) अण्डे की गति होती है

(स) अण्डे का विलोपन होता है (द) गर्भाशय की भित्ती से ब्लास्टोसिस्ट बनता है।

8.सेमिनिफेरस नलिकाएँ पायी जाती हैं–

(अ) वृषण में (ब) अण्डाशय में (स) वृक्क में (द) फेफड़े में।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

**1.** अण्डाणु जनन द्वारा एक अण्डाणु जनन से ................ अण्डाणु तथा ........... ध्रुव कोशिकाएं बनती है।

**2.** मानव .............. उत्पत्ति वाला है।

**3.** मानव में -------- निषेचन होता है |

**4.** भ्रूण और गर्भाशय के बीच संवहनी संपर्क बनाने वाली रचना को ..........कहते है।

**5.** नर एवं स्त्री के युग्मक के संलयन (फ्यूजन) को .............. कहते हैं।

**3. एक शब्द में उत्तर दीजिए-**

1. शुक्राणु जनन के समय 24 प्राथमिक स्पर्मेटोसाइट से कितने शुक्राणु बनेंगे? .
2. स्तनियों में निषेचन कहाँ सम्पन्न होता है ?
3. अण्डजनन के दौरान एक अण्डे के बनने में कितने ध्रुवीय पिण्ड निकलते हैं ?
4. उस पदार्थ का नाम बताइए जो शुक्राणु को अण्डाणु में प्रवेश की सहायता के लिए शुक्राणुओं में बनता है।
5. कॉर्पस ल्यूटियम का निर्माण किस अंग में होता है ?
6. मानव गर्भावस्था कितने दिनों की होती है ?
7. मनुष्य के शुक्राणु में कितने ऑटोसोम होते हैं ?
8. प्लेसेंटा से स्त्रावित होने वाले एक हार्मोन का नाम लिखिए।
9. कोलेस्ट्रम क्या है ?
10. मेनार्क क्या है ?

**4 सही जोड़ी बनाइए -**

| | **कॉलम (अ)** | | **कॉलम (ब)** |
|---|---|---|---|
| (i) | लीडिंग कोशिकाएं | (अ) | रजोनिवृत्ति |
| (ii) | एक्रोसोम | (ब) | प्रोजेस्ट्रान |
| (iii) | कार्पस लूटियम | (स) | टेस्टोस्टीरॉन |
| (iv) | मीनोपॉज | (द) | गाल्गी कॉय |
| (v) | शुक्रजन नलिकांए | (ए) | सरटोली कोशिकाएं |

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न-** **2 अंक**

1. शुक्राणु जनन को परिभाषित कीजिए।
2. मानव शुक्राणु का नामांकित चित्र बनाइए।
3. कापर्स ल्यूटियम एवं एक्रोसोम के कार्य लिखिए।
4. आर्तब चक्र क्या है ?
5. प्रसव क्या है ?परिभाषित कीजिए।
6. प्लेसेंटा के कार्य लिखिए।
7. ग्रेफियन फॉलीकल का नामांकित चित्र बनाइए।
8. सेमिनल प्लाज्मा के मुख्य घटक क्या है लिखिए।

**लघुउत्तरीय प्रश्न-** **3 अंक**

1. वृषण उदर गुहा के बाहर क्यों पाए जाते हैं?
2. शुक्राणु जनन किस प्रकार होता है रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट कीजिये।
3. मां के दूध को नवजात शिशु के लिए सबसे अच्छा क्यों माना जाता है?
4. एक्टोडर्म, मीजोडर्म एवं एण्डोडर्म के द्वारा कौन से अंग बनते हैं?
5. स्पर्मेटोजिनेसिस और ऊजेनेसिस में कोई 3 अन्तर लिखिये ।
6. पुरुषों में पाए जाने वाले द्वितीयक लैंगिक लक्षण लिखिए।
7. अण्डजनन क्या है ? अण्डजनन की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।
8. स्त्री जनन तंत्र का नामांकित चित्र बनाइए।
9. इम्प्लांटेशन से क्या है? परिभाषित कीजिए।
10. शुक्राणु जनन किस प्रकार होता है? रेखाचित्र सहित समझाइए।
11. हमारे समाज में लड़कियों को जन्म देने का दोष महिलाओं को दिया जाता है लिखिए कि ये क्यों सही नहीं है ?
12. अण्डजनन की प्रक्रिया को रेखाचित्र द्वारा समझाइए।
13. शुक्र जनन अण्डजनन से किस प्रकार भिन्न है?
14. एक माह में मानव अण्डाशय से कितने अण्ड निकलते हैं? यदि माता ने समरूप जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है तो आप क्या सोचते है कितने अण्डे विमोचित हुए होंगे।

-----------------------------------------------------------xx-----------------------------------------------------------

# अध्याय- 4
# जनन स्वास्थ्य

**स्मरणीय महत्वपूर्ण बिंदु-**

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार जनन स्वास्थ्य से तात्पर्य जनन के शारीरिक, भावनात्मक,व्यवहारत्मक तथा सामाजिक स्वास्थ्य से है।
- दुनिया में भारत ऐसा पहला देश है जिसने सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर पर जनन स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करने की कार्य योजना और कार्यक्रमों की शुरुआत की है।
- राष्ट्रीय स्तर पर जनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम जनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु चलाया जा रहा है।
- भारत में नई तकनीकी और कार्य नीतियों से जनन स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।
- भारत में परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरुआत सन 1951 में हुई।
- आज दुनिया का हर छठवां नागरिक भारतीय है।
- जनसंख्या नियंत्रण में यौन शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।
- यौन शिक्षा भ्रांतियों एवं अंधविश्वास को दूर करने में मदद करती है।
- यौन क्रियाओं द्वारा फैलने वाले रोगों को यौन संचारित रोग (एसटीडी) कहते हैं।
- अधिकांश यौन संचारित रोग पूरी तरह उपचार योग्य हैं।
- 2 वर्ष तक मुक्त सहवास के बावजूद गर्भाधान ना होने की स्थिति को बंध्यता कहते हैं।
- वे विशेष तकनीकें जिनके द्वारा बच्चा पैदा करने में मदद मिलती है सहायक जनन प्रौद्योगिकीया(ART) कहलाती हैं।
- अवांछित गर्भावस्था के समापन को एमटीपी कहते हैं।
- भारत में चिकित्सीय सगर्भता समापन को वैधानिक मान्यता दी गई है।
- दुनिया भर में प्रतिवर्ष 5 करोड़ चिकित्सीय सगर्भता समापन कराए जाते हैं।
- गर्भनिरोधक गोलियों में प्रोजेस्टेरोन एवं एस्ट्रोजन हार्मोन का प्रयोग किया जाता है।

**प्रश्न- 1 बहुविकल्पीय प्रश्न-**

(i) एम्नियोसेन्टेसिस प्रक्रिया गर्भावस्था के इस अवधि में अपनाई जाती है-

(अ) 8-10 सप्ताह (ब) 15-20 सप्ताह (स) 20-22सप्ताह (द) कभी भी

(ii) पुरुषों में बंध्यकरण की विधि है-

(अ) वसेक्टोमी (ब) ट्यूबेक्टोमी (स) माइक्रोटोमी (द) एनाटोमी

(iii) गर्भनिरोधक गोलियों में प्रयुक्त होने वाले रसायन का नाम है-

(अ) प्रोजेस्टेरोन (ब) एस्ट्रोजन (स) प्रोजेस्टेरोन एवं एस्ट्रोजन (द) टेस्टोस्टेरोन

(iv) निम्नांकित में यौन संचारित रोग हैं -

(अ) STD (ब) STI (स) PID (द) उपरोक्त सभी

(v) 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या वृद्धि की दर थी-

(अ) 2 प्रतिशत (ब) 1 प्रतिशत (स) 20 प्रतिशत (द) 10 प्रतिशत

(vi) निम्नांकित में यौन जनित रोग नहीं है-

(अ) एड्स (ब) गोनोरिय (स) एनीमिया (द) सिफलिस

(vii) वेसोक्टोमी और ट्यूबेक्टोमी विधियां है-

(अ) जनन सहायक (ब) बंध्यकरण (स) लिंग परीक्षण (द) रोग प्रतिरोधक

(viii) इनमे IUD का एक प्रकार नहीं है-

(अ) कॉपर T (ब) LNG (स) CNG 50 (द) कॉपर 7 मल्टीलोड

(ix) निम्नांकित में सहायक जनन प्रौद्योगिकी नहीं है-

(अ) ZIFT (ब) GIFT (स) ELISA (द) ICSI

(x) जनसंख्या विस्फोट का कारण नहीं है-

(अ)उच्च जन्म दर (ब) जनन रोग (स)निम्न मृत्यु दर (द) कम उम्र में विवाह

**प्रश्न- 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(i) भारत में विवाह की वैधानिक आयु स्त्री के लिए ...............एवं पुरुष के लिए ...............वर्ष निर्धारित है |

(ii) भारत में सन 1951 में शुरू हुए परिवार नियोजन कार्यक्रम को ...............नाम से जाना जाता है |

(iii) शुक्राणु एवं अंडाणु के भौतिक संपर्क रोकने हेतु प्रयुक्त रोधक को ...................... कहते हैं ।

(iv) महिलाओं में शल्य क्रिया द्वारा बंध्यकरण को......................... कहते हैं ।

(v) प्रसव पूर्व स्वैच्छिक रूप से गर्भ के समापन को ...................कहते हैं ।

(vi) यौन क्रियाओं से उत्पन्न होने वाले रोग ...................................कहलाते हैं ।

(vii) सुरक्षित सगर्भता समापन गर्भधारण से......................... सप्ताह तक किया जा सकता है ।

(viii) प्राकृतिक रूप से जनन क्रिया में अक्षमता को............................. कहते हैं ।

(ix) कृत्रिम रूप से निषेचित भ्रूण को मादा के गर्भाशय में स्थापित करना ....................कहलाता है ।

(x) शुक्राणुओं को कृत्रिम रूप से मादा की योनि या गर्भाशय में प्रविष्ट कराना............................ कहलाता है ।

**प्रश्न- 3 सही जोड़ी बनाइए-**

| | कालम **A** | | कालम **B** |
|---|---|---|---|
| (i) | महिला नसबंदी | (अ) | सहेली |
| (ii) | सहायक जनन प्रौद्योगिकीया | (ब) | MTP |
| (iii) | अनुवांशिक विकार | (स) | ART |
| (iv) | स्वैच्छिक सगर्भता समापन | (द) | एम्नियोसेंटेसिस |
| (v) | टेस्ट ट्यूब बेबी | (इ) | ट्यूबेक्टोमी |
| (vi) | गर्भनिरोधक गोली | (फ) | IVF |

**प्रश्न- 4 एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए-**

(i) जनन स्वास्थ्य के लक्ष्य हेतू भारत सरकार द्वारा चलाये गये कार्यक्रम का क्या नाम है?

(ii) भारत में जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य के लिए चलाए गए कार्यक्रम का क्या नाम है?

(iii) गर्भावस्था में अनुवांशिक विकारों का पता लगाने की विधि का क्या नाम है।

(iv) शुक्राणु उत्पन्न ना करने वाले पुरुषों में संतान उत्पत्ति किस विधि से होती है?

(v) IUD का पूरा नाम लिखिए |

(vi) अंडाणु उत्पन्न ना कर सकने वाली माताओं में संतानोत्पत्ति किस विधि से होती है?

(vii) जनन क्षमता में कमी होना क्या कहलाता है?

(viii) यौन संचारित रोगों को संक्षिप्त रूप में क्या कहते है।

(ix) मातृ मृत्यु दर किसे कहते हैं?

(x) सर्वाधिक खतरनाक यौन संचारित रोग का नाम है?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** **2 अंक**

1. WHO का पूरा नाम लिखिए|
2. सगर्भता से क्या आशय है?
3. गर्भपात और चिकित्सीय गर्भ समापन में क्या अंतर है?
4. IUD क्या है?
5. यौन शिक्षा से क्या आशय है?
6. आपातकालीन गर्भनिरोधक क्या है?
7. टेस्ट ट्यूब बेबी क्या है?
8. भारत में परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरुआत कब हुई?
9. मुखीय गर्भनिरोधक किस प्रकार उपयोगी है?
10. गर्भाशय में स्थापित की जाने वाली जनन रोधी युक्ति को कहते हैं?

**लघु उत्तरीय प्रश्न** **3 अंक**

1. कोशकीय शुक्राणु निक्षेपण (ICSI) क्या है?
2. आत्रव चक्र क्या है ?
3. पीत पिंड ( कार्पस लुटियम ) के 2 कार्य लिखिए |
4. किशोरावस्था में यौन शिक्षा प्रदान करना आवश्यक क्यों है?
5. चिकित्सीय गर्भ समापन किसे कहते हैं?
6. STI क्या है? प्रमुख STI कौन-कौन से हैं?
7. भारतीय परिदृश्य में यौन संचारित रोगों के प्रमुख कारण लिखिए|
8. यौन संचारित संक्रमण स्वस्थ समाज के लिए खतरा क्यों है?
9. एम्नियोसेंटेसिस क्या है? इसका महत्व लिखिए?
10. ZIFT और GIFT में अंतर लिखिए?

11. वासेक्टोमी और ट्यूबेक्टमी में अंतर लिखिए?
12. जीवे निषेचन और पात्रे निषेचन में क्या अंतर है?
13. यौन संचारित रोग बिना यौन क्रियाओं के भी फैल सकते हैं ।कैसे?
14. यौन संचारित रोगों से बचने के प्रमुख उपाय कौन से हैं। लिखिए|
15. लिंग परीक्षण क्या है ?क्या लिंग परीक्षण स्वस्थ समाज निर्माण के लिए आवश्यक है?
16. MTP क्या है? किस प्रकार उपयोगी है?
17. मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम होने के प्रमुख कारण क्या हैं?
18. महिलाओं में गर्भधारण रोकने की आई यू डी तकनीक क्या है?
19. जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों की व्याख्या कीजिए ?
20. यौन शिक्षा से यौन स्वास्थ्य को किस प्रकार बेहतर बनाया जा सकता है समझाइए |
21. यौन अपराधों की रोकथाम में यौन शिक्षा की क्या भूमिका है ?
22. विद्यालयों में यौन शिक्षा की आवश्यकता क्यों है ?
23. जनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए सुधारों का वर्णन कीजिए ?
24. बंध्यकरण (नसबंदी) क्या है ? भारतीय परिदृश्य में इसकी उपयोगिता समझाइए ?
25. गर्भनिरोधक उपायों की प्रमुख श्रेणियां (विधियां) कौन सी है? समझाइए ?
26. भारत में विवाह योग्य आयु लड़का लड़की हेतु पृथक पृथक रखी गई है।क्या यह उचित है ?
27. IVF क्या है? संतानोत्पत्ति में IVF की भूमिका समझाइए ?
28. छोटा परिवार सुखी परिवार की अवधारणा को समझाइए |
29. निम्नांकित के पूर्ण रूप लिखिए।

1. RCH 2. IUD 3. IVF 4. ART 5. ZIFT 6. GIFT 7. MTP

------------------------------------xx------------------------------------

# अध्याय -5

# वंशागति तथा विविधता के सिद्धांत

**स्मरणीय बिंदु-**

- जनको के लक्षणों का उनकी संततियों में पहुंचना अनुवांशिकी कहलाता है|
- वैज्ञानिक मेंडल को अनुवांशिकी का पितामह कहा जाता है|
- मेंडल ने अपने वंशागति के प्रयोग मटर के पौधों पर किए थे |
- मेंडल ने अनुवांशिकता के तीन नियम प्रतिपादित किए थे- प्रभाविता का नियम, स्वतंत्र अभिवहन का नियम पृथक्करण का नियम
- मेंडल ने जीन को कारक कहा था|
- जीन विनिमय की क्रिया पेकैंटीन अवस्था में होती है|
- गुणसूत्रों का एक निश्चित क्रम केरियो टाइप कहलाता है|
- हीमोफीलिया एक लिंग सहलग्न रोग है|
- लिंग निर्धारण की क्रिया Y गुणसूत्र पर निर्भर करती है|

**प्रश्न 1 बहुविकल्पीय प्रश्न**

(i) मेंडल ने अपने प्रयोग में किस पौधे का चयन किया-
(अ) चना (ब) मटर (स) सरसों (द) गेहूं

(ii) मनुष्य के लिंग निर्धारण के लिए कौन सा गुणसूत्र उत्तरदायी होता है-
(अ) X (ब) Y (स) XY (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) निम्न में से विष्मयुग्मजी एलील है-
(अ) TT (ब) tt (स) Tt (द) RR

(iv) यदि माता का रक्त समूह O तथा शिशु का भी रक्त समूह O हो तो पिता का रक्त समूह क्या होगा-
(अ) O (ब) A (स) B (द) A

(v) निम्न में से कौन सा शुद्ध हाईब्रिड है -
(अ) Rrtt (ब) TTrr (स) TtRr (द) TTRR

(vi) किसी हाईब्रिड कॉ्स में संतति का जीनोटाईप होता है-
(अ) 1:7:1 (ब) 1:1:1:1 (स) 9:3:3:1 (द) 1:2:1

(vii) एक ही क्रोमोसोम में पाये जाने वाले जीन-
(अ) दूरी के आधार पर कई समूह बनाते है (ब) एक सहलग्न समूह बनाते हैं
(स) कोई भी सहलग्न समूह नहीं बनाते (द) इनमें से कोई नहीं

(viii) कैरियोटाईप की स्थिति 2n+1 और $2n\pm2$ को कहते हैं-
(अ) एन्यूप्लाईडी (ब) पोलीप्लाईडी (स) एलोकॉलीप्लाईडी (द) मोनोसोमी

(ix) एक विवाहित जोडे के पहले से तीन पुत्रियां है वो अब चौथी संतान का सोच रहे है इस भावी संतान के पुत्र होने की संभावना कितने प्रतिशत होगी -

(अ) 100% (ब) 50% (स) 25% (द) 0 %

(x) जब कोई गुण एक से अधिक विपरीत जोडों द्वारा संचालित होता है तो उसे कहते है-

(अ) बहुविकल्पता (ब) बहुअण्डजता (स)अपूर्णप्रभाविता(द) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(i) दो लंबे पौधे के मध्य संकरण कराने से कुछ संतति बोनी उत्पन्न हुई, दोनों जनकों का जीनोटाईप....................होगा ।

(ii) सिकेलसेल एनीमिया में वेलीन ग्लूटामिन अम्ल के द्वारा रिप्लेश होती है। वेलीन को .......................... कोडोन कोड करता है ।

(iii) एक ही क्रोमोसोम में पाये जाने वाली जीन एक ....................... समूह बनाते है।

(iv) किसी जीनोटाईप AbBBCcDDद्वारा ................ प्रकार के युग्मक बन सकते हैं।

(v) सहलग्नता और पुर्नयोजन का सिद्धांत ...................... ने दिया ।

(vi) मोर्गन ने लिंगसहलग्न जीनों के अध्ययन के लिए ........................पर प्रयोग किया ।

(vii) अनुवांशिकी का जनक.......................को कहते हैं ।

(viii) मेंडल ने अपने प्रयोग में मटर के पौधों के .....................विपर्यायी लक्षणों को लिया है ।

(ix) 21वें क्रोमोसोम में एक अतिरिक्त क्रोमोसोम आ जाने से...................सिन्ड्रोम होता है ।

(x) म्यूटाजेन................ विकरण हैं ।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइए-**

(I)

| | कालम A | | कालम B |
|---|---|---|---|
| (i) | टर्नर सिंन्ड्रोम | अ | X-सहलग्न अप्रभावी |
| (ii) | दात्रकोशिका अरक्तता | ब | 2A+XXY |
| (iii) | द्विसंकर क्रोस फीनोटाईप | स | 3:1 |
| (iv) | क्लाईनफेल्टर्स सिन्ड्रोम | द | अलिंग क्रोमोसोमलग्न अप्रभावी |
| (v) | हीमोफीलिया | ई | 2A+X0 क्रोमोसोम |

(II)

| | कालम A | | कालम B |
|---|---|---|---|
| (i) | 2n-1 | अ | स्वतंत्र अपव्यूहन |
| (ii) | गामाकिरण | ब | समजात |
| (iii) | बहुल फिनोटाईप | स | प्लियोट्रापिक जीन |
| (iv) | समान एलील | द | उत्परिवर्तन |
| (v) | असतत विभिन्नता | ई | मोनोसोमी |

**प्रश्न 4. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए-**

(i) बहुएलील का एक उदाहरण दीजिए |

(ii) क्रासिंग ओवर विभाजन की किस अवस्था में होता है ?

(iii) सर्वमान्य रक्त दाता समूह कौन-सा है ?

(iv) रक्त समूह की जांच में प्रयुक्त एन्टीसीरम में क्या पाए जाते है ?

(v) संतान एवं रेसेसिव पेरेन्टस के बीच के क्रोस को क्या कहते हैं ?

(vi) O समूह पिता तथा O समूह वाले बच्चे का जीनोटाईप क्या होता है ?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** **2 अंक**

1. मेंडल ने अपने प्रयोग में मटर के पौधे का चयन क्यों किया?
2. मेंडल के प्रभाविता के नियम को समझाईए |
3. एक संकर क्रोस को परिभाषित कीजिए |
4. द्विसंकर क्रोस को परिभाषित कीजिए |
5. उत्परिवर्तन को परिभाषित कीजिए |
6. बिन्दू उत्परिवर्तन क्या है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न** **3 अंक**

1. मेंडल के विसंयोजन नियम उदाहरण सहित समझाईए |
2. यदि मटर के पौधे के लाल फूल वाली प्रजाति को सफेद फूल वाली प्रजाति के साथ संकरण कराया जाता है तो F1पीढी में गुलाबी फूल वाली प्रजाति उत्पन्न होती है यह किस नियम का प्रदर्शन करता है व्याख्या कीजिए |
3. हीमोफीलिया रोग क्या है? समझाईए |
4. वर्णाधता रोग क्या है?
5. उत्परिवर्तन के कोई तीन कारण लिखिए |
6. उत्परिवर्तन के लाभ एवं हानि लिखिए |
7. समजात गुणसूत्र में परिवर्तन के कारण होने वाले तीन रोगों के नाम तथा लक्षण लिखिए |
8. मेण्डल के पृथक्करण के नियम को उदाहरण सहित लिखिए।

9. जीनोटाइप एवं फीनोटाइप में तीन अन्तर लिखिए।
10. .टेस्ट क्रॉस एवं बैक क्रॉस को समझाइए।
11. टर्नर सिण्ड्रोम क्या है ? इसके तीन लक्षण लिखिए।
12. क्लाइनफेल्टर्स सिण्ड्रोम किसे कहते हैं?
13. सह-प्रभाविता व अपूर्ण प्रभाविता को समझाइए।
14. बिन्दु उत्परिवर्तन क्या है ?एक उदाहरण लिखिए।
15. डाउन सिण्ड्रोम से क्या तात्पर्य है ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (विश्लेषणात्मक )** **4 अंक**

1. स्वतंत्र अपव्यूहन नियम को उदाहरण सहित समझाईए |
2. सहलग्नता के सिद्धांत को उदाहरण सहित समझाईए |
3. सहप्रभाविता को उदाहरण सहित समझाईए |
4. बहुजीनी बंशागति को उदाहरण सहित समझाईए |
5. क्रोमोसोमीय विकारों का वर्णन कीजिए |
6. क्या कारण है कि लिंग सहलग्न रोग पुरुषों में होते हैं, स्त्रियों में नहीं क्यों ?
7. जब एक सामान्य स्त्री का विवाह एक वर्णान्ध पुरुष से होता है तो उस स्त्री से होने वाली सन्तान की वर्णान्धता की वंशागतिकी को चित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए।
8. प्रायः पुरुषों में वर्णान्धता रोग हो जाता है, लेकिन स्त्रियाँ इनकी वाहक होती हैं, कारण स्पष्ट कीजिए।
9. एक हीमोफिलिया के रोगी पुरुष का विवाह यदि एक सामान्य स्त्री से कर दिया जाय तो इससे उत्पन्न संतति को रेखाचित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए।
10. मेण्डल द्वारा प्रयोगों के लिए मटर के पौधे चुनने से क्या लाभ हुये?
11. वंशागति के गुणसूत्रवाद को किसने प्रस्तावित किया ?
12. मेण्डल के स्वतन्त्र अपव्यूहन के नियम की व्याख्या एक उदाहरण सहित कीजिए।
13. लिंग सहलग्नता किसे कहते हैं ? लिंग जीन के प्रकारों के नाम लिखकर स्पष्ट कीजिये।
14. मनुष्य में लिंग निर्धारण की क्रिया को समझाईये |
15. जीन विनिमय क्या है ? इसके महत्व पर प्रकाश डालिए।
16. हीमोफिलिया का उदाहरण देकर मनुष्य में लिंग सहलग्नता समझाइए।

-----------------------------------------------------------------xx-----------------------------------------------------------------

# अध्याय 6
# वंशागति के आणविक आधार

**स्मरणीय बिंदु-**

- अनुवांशिक पदार्थ दो प्रकार के होते हैं- डी एन ए व आर एन ए
- मनुष्य में मुख्य अनुवांशिक पदार्थ डीएनए होता है|
- डीएनए तीन मुख्य भागों से मिलकर बना होता है -शर्करा, नाइट्रोजन क्षार एवं फास्फोरिक अम्ल
- नाइट्रोजन क्षार दो प्रकार की होती हैं- पयूरिन व पिरिमिडाइन
- पयूरिन 2 प्रकार की होती है- एडिनाइन व ग्वा नाइन
- पिरिमिडाइन दो प्रकार की होती है- साइटोंसिन एवं थायमिन
- आर एन ए में थायमिन के स्थान पर यूरेसिल पाया जाता है|
- डीएनए खंडों को लाईगेज एंजाइम की सहायता से जोड़ा जाता है|
- पालीटीन गुणसूत्रों की खोज वैज्ञानिक बाल बियानी ने की थी|
- गुर्णसूत्रों में डीएनए को बांधने वाली प्रोटीन हिस्टोन कहलाती है|
- जीवाणु को संगठित करने वाला विषाणु जीवाणु भोजी कहलाता है|
- आर एन ए जो राइबोसोम में पाया जाता है राइबोसोमल आरएनए कहलाता है|
- अमीनो एसिड पेप्टाइड बंध द्वारा आपस में जुड़कर पॉलिपेप्टाइड का निर्माण करती है|

**प्रश्न 1 बहुविकल्पीय प्रश्न-**

1.न्यूक्लियोसाईड न्यूक्लियोटाईड से भिन्नता रखते हैं इनमें अनुपस्थित होता है-

(अ) क्षार (ब) शर्करा (स) फॉस्फेट समूह (द) Hydroxyl समूह

2.डीओक्सी राईबोज और राईबोज दोनों में कौन सी शर्करा पाई जाती है-

(अ) ट्रायोज (ब) हेक्सोज (स) पेन्टोज (द) पॉलीसेकेराईड

3.डीएनए और डिस्टॉन पर नेट इलेक्ट्रिक चार्ज होता है-

(अ) दोनो पॉजीटिव (ब) दोनो निगेटिव (स) क्रमश: निगेटिव व पॉजीटिव (द) जीरो

4.आरएनए में निम्न क्षारक में से कौन सा क्षारक नहीं होता है-

(अ) थाईमीन (ब) यूरेसिल (स) ग्वानीन (द) साईटोसीन

5.निम्न में से कौन सा क्षारक डीएनए में नहीं पाया जाता है-

(अ) थाईमीन (ब) यूरेसिल (स) ग्वानीन (द) साईटोसीन

6.डीएनए की द्विकुंडलित संरचना में दोनो रज्जुकों के क्षार में आपस में कौन सा बंध पाया जाता है-

(अ) हाईड्रोजन बंध (ब) नाईट्रोजन बंध (स) कोर्बोक्सिल (द) कोई नहीं

7.डीएनए का वॉटसन एवं क्रिक मॉडल किस प्रकार का होता है-

(अ) A (ब) B (स) C (द) Z

8.एक केन्द्रिका किससे मिलकर बना होता है-

(अ) RNA+हिस्टॉन (ब) RNA+हिस्टॉन+गैरहिस्टॉन

(स) DNA+हिस्टॉन (द) DNA+हिस्टॉन+गैरहिस्टॉन

9.एक डीएनए स्ट्रेन्ड में न्यूक्लिोटाईडस एक साथ जुडे होते है-

(अ) N-ग्लाईकोसिडिक लिंकेज

(ब) फोस्फोस्टर लिंकेज

(स) फोस्फोडिएस्टर लिंकेज

(द) H-बोंड

10,DNA सूत्र में न्यूक्लिओटाइडों को परस्पर जोड़ने वाला बन्ध होता है-

(अ) ग्लाइकोसिडिक बंध (ब) फॉस्फोडाइस्टर बंध

(स) पेप्टाइड बंध (द) हाइड्रोजन बंध

11.A U G किस अमीनो अम्ल को कोड करता है -

(अ) मिथियोनीन (ब) वेलीन (स) ल्यूसीन (द) ग्लूटामिक अम्ल

12.DNA अंगुली छापन को सर्वप्रथम विकसित करने वाले वैज्ञानिक थे।

(अ) विल्किन्स (ब) इयान विलमुट (c) एलेक जेफ्री (द))कैरी मुलिस

13.DNA द्विकुण्डलन की लम्बाई होती है -

(अ) 2.4 $A^o$ (ब) 3.4 $A^o$ (स) 34 $A^o$ (द) 20 $A^o$

14.ओकाजाकी खण्डो को परस्पर जोड़ने का कार्य करने वाला एन्जाइम होता है -

(अ)DNA लाइगेज (ब)DNA हैलीकेज (स) DNA गाइरेज (द) DNA प्राइमेज

15.समापन कोडोन का कार्य करता है -

(अ) AUG (ब) UUG (स) UAG (द) GAA

16.कौन-सा नाइट्रोजीनस क्षार केवल RNA में पाया जाता है

(अ)सायटोसीन (ब)एडिनीन (स) यूरेसिल (द)ग्वानीन

17.DNA के एक चक्र में न्यूक्लियोटाइड्स पाये जाते हैं-

(अ)9 (ब)10 (स) 11 (द)12

18.DNA के डबल हेलिकल संरचना को प्रतिपादित करने वाले वैज्ञानिक थे-

(अ)नीरेनबर्ग (ब)कोर्नबर्ग (स) हॉली एवं नीरेनबर्ग (द)वाट्सन एवं क्रिक।

**प्रश्न 2.रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(i) फोरेन्सिक विज्ञान प्रयोगशाला में अपराधियों की पहचान के लिए .................... जैव तकनीकी का प्रयोग किया जाता है ।

(ii) डीएनए द्विगुणन में ..................... एन्जाईम की मुख्य भूमिका रहती है ।

(iii) मक्का में जम्पिंग जीन की खोज..................ने की थी ।

(iv) डीएनए के कूटक्रम ................कहलाते हैं ।

(v) अनुवांशिक कूट में कूट के लिए ..................लेटर होते है ।

(vi) सहलग्नता समूह की संख्या उस कोशिका के लिए...................... होगी जिसमें 2n=14 है|

(vii) अनुलेखन में भाग लेने वाले एन्जाइम..................... है|

**प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइए-**

1.

| | कालम A | | कालम B |
|---|---|---|---|
| (i) | अनुलेखन | अ | डीएनएपॉलीमरेज II |
| (ii) | लेक ओपेरॉन | ब | प्रतिसमान्तरध्रुवता |
| (iii) | प्रतिकोडोन | स | t RNA |
| (iv) | डीएनए वलयक | द | प्रचालक स्थल |
| (v) | डीएन रिपेयरिंग | ई | डीएनए मिथाईलेज |

2.

| | कालम A | | कालम B |
|---|---|---|---|
| (i) | अनुवादन | अ | डीएनए संरचना |
| (ii) | जीन स्थानांतरण | ब | ओपेरॉन मॉडल |
| (iii) | समापन कोडोन | स | UAG, UGA, UAA |
| (iv) | जीन रेगुलेशन | द | प्लाज्मिड |
| (v) | वॉटसन क्रिक | ई | आरएनए से प्रोटीन निर्माण |

**प्रश्न 4. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए।**

(i) बैक्टिरियोफेज का आनुवांशिक पदार्थ क्या है ?

(ii) ऑपेरॉन मॉडल किसने प्रस्तावित किया था ?

(iii) वर्णांधता में रोगी कौनसे रंग की पहचान नहीं कर पाता हैं ?

(iv) संबंध (splicing) के फलस्वरूप एक्सॉन जुडते हैं इस अभिक्रिया को उत्प्रेरित करने वाला एन्जाईम कौनसा है ?

(v) डीएनए संश्लेषण के समय बनने वाला खण्ड कौन-सा होता है?

(vi) यदि डीएनए अणु में साईटोसिन 18 प्रतिशत है तो एडिनिन का प्रतिशत कितना होगा ?

(vii) अनुलेखन के समय डीएनए का वह स्थल जिस पर डीएनए पॉलीमरेज जुडता है उसे क्या कहते हैं?

(viii) N14 तथा N15 के द्वारा डीएनए की अर्धसंरक्षी प्रक्रति की प्रयोगात्मक पुष्टि किसके द्वारा की गयी थी?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न-** **2 अंक**

1. आरएनए के प्रकार लिखिए |
2. डीएनए तथा आरएनए का पूरा नाम क्या है?
3. आनुवांशिक कूट की कोई दो विशेषताएं लिखिए|
4. मोनो सिस्ट्रोनिक तथा पॉलीसिस्ट्रोनिक गुणसूत्र क्या है |
5. डीएनए फिंगर प्रिंटिंग के उपयोग लिखिए?
6. स्थानांतरण के दौरान राईबोसोम की दो मुख्य भूमिकाएं लिखिए|
7. न्यूक्लियोसाईड की रासायनिक संरचना लिखिए|
8. न्यूक्लियोटाईड की रासायनिक संरचना लिखिए|
9. दात्र कोशिका आरक्तता में लाल रक्त कण के आकार का हॅसियाकार में परिवर्तित होने का मुख्य कारण क्या है ?
10. ओकाजाकी खण्ड क्या है?
11. ऑन्कोजीन्स (Oncogenes), साइलेंट जीन्स (Silent genes) व हॉउस कीपिंग जीन्स क्या हैं ?
12. कोडॉन एवं ऐण्टिकोडॉन को परिभाषित कीजिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न-** **3 अंक**

1. सेन्ट्रल डोग्मा को लिखिए |
2. आरएनए की रासायनिक संरचना लिखिए |
3. डीएनए की रासायनिक संरचना लिखिए |
4. t-RNA, m-RNA, r-RNA के एक-एक कार्य लिखिए |
5. रूपान्तरण की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिये |
6. डीएनए अंगुलीछापन पर टिप्पणी लिखिए |

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न- (विश्लेषणात्मक )** **4 अंक**

1. डीएनए की संरचना का वॉटसन क्रिक मॉडल चित्र सहित समझाईए |
2. न्यूक्लियोसोम की 4 विशेषताएं लिखिए |
3. ग्रिफिथ का चूहों में रूपान्तरण का प्रयोग व सिद्धांत लिखिए |

4. डीएनए के अनुवांशिक पदार्थ होने की पुष्टि के संबंध में हर्षे-चेस के प्रयोग का वर्णन करिए |
5. डीएनए एवं आरएनए में 4 अंतर स्पष्ट कीजिए |
6. लैक ऑपेरॉन का वर्णन कीजिए |
7. जीवाणुओ में अनुलेखन को समझाईए |
8. डीएनए रेप्लिकेशन की अर्धसंरक्षी विधि का वर्णन कीजिए |
9. मानव जीनोम की विशेषताएं लिखिए |
10. DNA आनुवांशिक पदार्थ है। इसे सिद्ध करने हेतु हर्शे एवं चेज के प्रयोग को लिखिए।
11. DNA तथा RNA में कोई चार अंतर लिखिए | (कोई चार)

-------------------------------------------------------------xx-------------------------------------------------------------------

# अध्याय 7

# विकास (Evolution)

**स्मरणीय बिंदु**

- **एबीनिमित्रे (Abbe Lemaitre)** ने बिग बैंगपरिकल्पना **(Big Bang Theory)** का प्रतिपादन किया।
- **परिवर्तन के साथ ही अवतरण (Decent with modification)** जीव विकास है।
- **एंपीडिक्लीज (Empedocles 495_435 BC)** को विकास का जनक कहा जाता है।
- **Francis Bacon** विभिन्नताओ के कारण जातियों से नई जातियों का उद्भव होता है।
- लैमार्क (1774_1829) **उपार्जित लक्षणों की वंशागति का नियम** प्रतिपादित किया।
- **क्यूवियर (Cuvier 1882)** ने **प्रलयवाद मत** का प्रतिपादन किया।
- **चार्ल्स डार्विन** 1859 ने **प्राकृतिक चयनवाद** का प्रतिपादन किया।
- **जनन द्रव्य सिद्धांत (Germplasm Theory)** का प्रतिपादन **वीजमेन (Weismann 1883)** ने किया।
- **समजात अंग (Homologous Organ)** जिनकी मूल संरचना व उद्भव समान होता है, लेकिन वह भिन्न भिन्न कार्यों हेतु अनुकूलित होते हैं। पक्षियों के पंख, चमगादड़ के पेटेजियम, सीलका फ्लिपर, मनुष्य के अग्रपाद समजात अंग।
- **समवृति अंग (Analogous Organ)** ऐसे अंग है जो समान कार्यों के संपादन के कारण समान दिखाई देते हैं। लेकिन उत्पत्ति (उद्भव) भिन्न-भिन्न होता है।मछलियोंव व्हेल के के चलन अंगों में समानता, ईटोवा पक्षियों के पंख में समानता।
- **अवशेषी अंग** शरीर में पाए जाने वाले कार्य विहीन अंग हैं। पूछ कशेरुकी, कर्ण पल्लव की पेशियां, निमेषक पटल, अक्लदाड, त्वचा के बाल आदि अवशेषी अंग है।
- **A.I.Oparin** ने 1924 में जीवन की उत्पत्ति का **जैव रासायनिक सिद्धांत (Bio Chemical Theory of Origin of Life)** प्रतिपादित किया।
- बृहत कार्बनिक अणुओं **(Large Organic Molecules)** के मध्य अंतर आणविक आकर्षण के कारण।
- कोलाइडीलीय समूहों का निर्माण हुआ जिसे **कोएसरवेट (Coacervate)** कहा गया।
- ह्यूगो डी ब्रिजने 1901 मैं उत्परिवर्तन सिद्धांत (Theory of Mutation) दिया।

**1. वस्तुनिष्ठ प्रशन**

(i) पुनरावृतिसिद्धांत (Theory of Recapitulation) किसने दिया था -

(अ) डार्विन (ब) अरस्तु (स) अरस्तू (द) हीकल

(ii) Charles Darwin की पुस्तक का नाम है -

(अ) ओरिजिन ऑफ स्पीशीज (Origin of Species) (ब) थ्योरी ऑफ म्यूटेशन

(स) टेंपल ऑफ नेचर (Temple of Nature) (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iii) सरीसृप का काल **(Age of Reptiles)** है -

(अ) प्रोटोजोइक (ब) कार्बोनिफरसकाल (स) मेसोजोएक (द) सिल्यूरियन

(iv) कुछ समय पूर्व लुफ्त हुआ जंतु है -

(अ) टीरोडेकटाईल (ब) मैमथ (स) डायनासोर (द) डोडो

(v) अकशेरुकी व वाह कशेरुकी के बीच की कड़ी है -

(अ) स्फेनोडोन (ब) पेरीपेटस (स) बेलानोग्लोसस (द) टेकिग्लोसस

(vi) उत्परिवर्तन (Mutation) का कारण है -

(अ) गुणसूत्रों में परिवर्तन (ब) DNA में परिवर्तन(स) जीन में परिवर्तन (द) इनमे से सभी

(vii) विशिष्ट सृजन का सिद्धांत के प्रमुख समर्थक थे -

(अ) अरस्तू (ब) ओपरन (स) वीजमैन (द) फादर सुआरेज

(viii) Philosophy Zoologiue पुस्तक के लेखक हैं -

(अ) मेंडल (ब) डार्विन (स) लेमार्क (द) अरस्तू

(ix) पक्षी एवं सरीसृप वर्ग की संयोजक कड़ी **(Connecting link)** हैं-

(अ) यूग्लीना (ब) आर्कियोप्टेरिस (स) पेरीपेट्स (द) काईमेरा

(x) जीवित जीवाश्म है -

(अ) यूग्लीना (ब) लिमुलिस (स) बालानोग्लोसिस (द) साइकॉन

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(i) चार्ल्स डार्विन ने............. जहाज पर विश्व भ्रमण किया।

(ii) चमगादड़ के पंख और व्हेलकेफिलीपर...........अंग है।

(iii) हयुगो डिब्रीज ने........... नामक पौधे पर किया।

(iv) आधुनिक समय में जिराफ की लंबी गर्दन का कारण............लक्षण है।

(v) मनुष्य का घनिष्ठतम कपि पूर्वज.......है।

(vi) जीवाश्म सामान्यतः....... चट्टानों में पाए जाते हैं।

(vii) ............ औद्योगिक मेलेनिज्म की व्याख्या के लिए उपयुक्त उदाहरण हैं।

(viii) चार्ल्स डार्विन ने जैव विकास का सिद्धांत (प्राकृतिक चयन)...........सन में दिया था।

(ix) मानव............युग में उत्पन्न हुए।

( x) प्रारंभिक स्तनधारी................महाद्वीप में पाए जाते हैं।

3. **एक शब्द में उत्तर दीजिए-**

(i) सजीव व निर्जीव के बीच की कड़ी का नाम लिखिए है |

(ii) आदि वायुमंडल में किस गैस की अनुपस्थिति थी ?

(iii) मानव का वैज्ञानिक नाम क्या है ?

(iv) चार्ल्स डार्विनकी पुस्तक का नाम लिखिए।

(v) लैमार्क की एक पुस्तक का नाम लिखिए।

(vi) लैमार्क के सिद्धांत को किस नाम से जाना जाता है?

(vii) ए. आर.वेलेस **(A.R.Wallace)** ने सभी जंतुओं के भौगोलिक वितरण को कितने क्षेत्रों में विभाजित किया।

(viii) डार्विन ने किस द्वीप समूह पर फिंचो को देखा था।

(ix) चार्ल्स डार्विन ने फिंचों के कुल कितने कुल **(Families)** देखे थे।

(x) भू वैज्ञानिक समय सारणी को कितने महाकल्प **(Era)** में बांटा गया है?

**4. (1) सही जोड़ियां मिलाइए-**

| | कालम (अ) | | कालम (ब) |
|---|---|---|---|
| (i) | विशिष्ट सृजनका सिद्धांत | (अ) | रिचर |
| (ii) | स्वत:जनन का सिद्धांत। | (ब) | फ्रांसिस्कोरेड्डी |
| (iii) | जीवात जनन का सिद्धांत। | (स) | कुवियर |
| (iv) | ब्रह्मांडवाद का सिद्धांत। | (द) | सुआरेज |
| (v) | जैव रासायनिकसिद्धांत। | (ई) | वीजमैन |
| (v) | जर्मप्लाज का सिद्धांत। | (फ) | अरस्तू |
| (vii) | प्रलयवाद का सिद्धांत। | (ग) | ऑपरन |

**२. सही जोड़ी मिलाइए ।**

| | कालम (अ) | कालम (ब) |
|---|---|---|
| (i) | गैलोपेगोंज | (अ) हयूगो डीब्रिज |
| (ii) | कोएसरवेट | (ब) समान संरचना एवं उद्भव वाले अंग |
| (iii) | जनसंख्या सिद्धांत | (स) भिन्न भिन्न उद्भव एवं समान् कार्य |
| (iv) | समवृति अंग | (द) ऑपेरोन |
| (v) | उत्परिवर्तन सिद्धांत | (ई) ईलम |
| (vi) | समजात अंग | (फ) डार्विन |
| (vii) | ब्रह्मांड की उत्पत्ति। | (ग) लुई पाश्चर |

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न-** **2 अंक**

1. अवशेषी अंग किसे कहते है ?
2. मनुष्य के अवशेषी अंग लिखिए।
3. समजात अंग क्या है ? उदाहरण लिखिए।
4. समवृति अंग क्या है ? उदाहरण लिखिए।
5. पुनरावर्तन सिद्धांत क्या है ?
6. अपसारी जैव विकास या अनुकूलनीय विकरण क्या है ?
7. लैमार्क ने कौन सा सिद्धांत दिया था ?
8. उत्परिवर्तन शब्द किसने दिया था ?उत्परिवर्तन का अध्ययन किस पौधे में किया गया ?
9. नव डार्विनवादी वैज्ञानिक के नाम लिखिए।
10. किन्ही दो योजक कड़ियों के नाम लिखिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न-** **3 अंक**

1. फूफ्फुसमीन (मछलियां) क्या है ? उदाहरण लिखिए।
2. जीवाश्म की आयु का निर्धारण कौन-कौन सी रेडियोधर्मी समस्थानिको **(Isotopes)** का प्रयोग किया जाता है?
3. पेंजेनेसिस सिद्धांत क्या है?
4. जीवन की उत्पत्ति की व्याख्या करने वाले सिद्धांतों के केवल नाम लिखिए।
5. क्या भौगोलिक पृथक्करण अलैंगिक जनन वाले जीवो के जाति उद्भव का प्रमुख कारक हो सकता है क्यों ?
6. उत्परिवर्तनवाद को संक्षेप में लिखिए।
7. पुनरावर्तन सिद्धांत को संक्षेप में समझाइए।
8. संयोजक जाति कड़ियों से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहितलिखिए।
9. आधुनिक मानव विकास को समझाइए।
10. जैव विकास के लिए कौन-कौन से प्रमाण महत्वपूर्ण है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-(विश्लेषणात्मक )** **4 अंक**

1. जाति निर्माण (Speciation) से क्या आशय हैं ? सिंपैट्रिक स्पिसीएसन तथा ऐलोपेट्रिक स्पिसिएसन को समझाइये।
2. ब्रह्मांड उत्पत्ति के संबंध में बिगबैंग सिद्धान्त(big-bang-theory) को समझाईये।
3. समजात अंग एवं समवृत्ति अंगों में अंतर स्पष्ट कीजिए।
4. डार्विनवाद क्या है ? विस्तृत समझाइए ।
5. लैमार्कवाद से आप क्या समझते हैं ? उपयोगिता एवं अनुप्रयोगिता के प्रभाव को समझाइए।
6. डार्विनवाद एवं लैमार्कवाद में अंतर स्पष्ट कीजिए।
7. जैव रासायनिक उत्पत्ति के संबंध में मिलर व यूरे के प्रयोग को सचित्र समझाइए।
8. हम एक जीवाश्म की आयु की गणना कैसे करेंगे ? समझाइए।
9. पृथ्वी पर सभी जीव एक मूल पूर्वज से उत्पन्न हुए हैं ? जैव रसायन की सहायता से कैसे प्रमाणित करेंगे ?
10. हार्डी-विनबर्ग सिद्धांत क्या है ? व्याख्या कीजिये।

-----------------------------------------------------------------xx-----------------------------------------------

# (अध्याय - 8)

# मानव स्वास्थ तथा रोग

**स्मरणीय बिंदु-**

- रोग दो प्रकार के होते हैं - संक्रामक रोग व असंक्रामक रोग
- एड्स यौन संचारित रोग है|
- कैंसर के लिए उत्तरदायी जीन को ओंको जीन कहते हैं|
- रक्त कैंसर को लयूकेमिया के नाम से भी जाना जाता है|
- अनुवांशिक अभियांत्रिकी द्वारा निर्मित प्रथम मानव इंसुलिन हुमुलिन कहलाता है|
- हेपेटाइटिस रोग विषाणु के द्वारा फैलता है|
- गोनोरिया रोग नीसेरिया गोनेरियाइ जीवाणु के द्वारा होता है|
- क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम में गुणसूत्रों की संख्या अधिक अर्थात 47 हो जाती है|
- इंटरफेरॉन विषाणु रोधी प्रोटीन होते हैं|

**सही विकल्प चुनकर लिखिये -**

1. लाल रक्त कणिकाओं का भंडार अंग है-

   (अ) .हृदय (ब) प्लीहा (स) वृक्क (द) आमाशय

2 ऑन्कोजीन की सक्रियता से होने वाला रोग है-

   (अ) .टी.बी (ब) केंसर (स) एड्स (द) अस्थमा

3. मानव शरीर में कोशिका माध्यित प्रतिरक्षा का माध्यम है-

   (अ) T लसीकाणु (स) B लसीकाणु
   ग. लाल रूधिर कणिका (द) इनमें से कोई नही

4. एक प्रतिरक्षी अणु में कितनी पॉलीपेप्टाइड़ श्रृखला होती है-

   (अ) एक (ब) दो (स) तीन (द). चार

5. टीके की खोज का श्रेय किसे जाता है-

   (अ) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग (ब) एडवर्ड जेनर
   (स) लुई पाश्चर (द) रॉबर्ट कोच

6. चाय में पाया जाने वाला उत्तेजक पदार्थ है-

   (अ) टेनिन (ब) कोकीन (स) कैफीन (द) .निकोटीन

7. पोलियो, डिफ्थीरिया एवं टिटेनस से बचाव हेतु उपयोगी टीका है-

   (अ) B.C.G. (ब) D.P.T. (स) M.M.R. (द) S.T.D.

8 रुधिर में होने वाला कैंसर है-

(अ) कार्योनोमा (ब) सारकोमा (स) लिम्फोमा (द) ल्यूकेमिया

9. लिवर कैंसर का कारण है-

(अ) शराब (ब) तम्बाकू (स) उपर्युक्त दोनों (द) कोई नहीं।

10. सर्वाधिक घातक हेल्युसिनोजेन है-

(अ) अफीम (ब) मार्फीन (स) L.S.D (द) हेरोइन।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1. रोगों का जर्म सिद्धांत .................. ने दिया था।
2. .................. आनुवंशिक अभियांत्रिकी द्वारा निर्मित प्रथम मानव इंसुलिन है।
3. AIDS.................. संचारित रोग है।
4. गोनोरिया ................. के द्वारा होता है।
5. कैंसर के लिये उत्तरदायी जीन को .................. कहते हैं।
6. रक्त के कैंसर को .................. कहते हैं।
7. हिपेटाइटिस रोग ................ के द्वारा होता है।
8. आदर्श टीका .................. नहीं होना चाहिए।
9. ............... में रोग जनक जीवित अवस्था में होते हैं।

**सही जोड़ी बनाइए-**

| **A'** | **–** | **'B'** |
|---|---|---|
| 1. AIDS | – | (अ) विषाणुरोधी प्रोटीन |
| 2. प्रतिजैविक | - | (ब) जैव युद्ध |
| 3. इन्टरफेरॉन | - | (स) B.C.G |
| 4. एन्थैक्स | - | (द) S.T.D |
| 5. T.B. | – | (इ) एलेक्जेण्डर फ्लेमिंग |

**4. एक शब्द में उत्तर दीजिए-**

1. रोगों का जर्म सिद्धान्त किसने दिया था ?
2. मलेरिया परजीवी के वाहक का नाम लिखिये।
3. डिप्थीरिया, पोलियो एवं कुकुर खाँसी के वैक्सीन का नाम लिखिए।
4. ओपियम का स्रोत क्या होता है ?
5. तम्बाकू में पाये जाने वाले हानिकारक रासायनिक यौगिक का नाम लिखिए।
6. L.S.D. के स्रोत का नाम लिखिए।

7. किन्हीं चार शामक औषधियों के नाम लिखिए।

8. मनुष्य के विचार एवं भावनाओं को परिवर्तित करके भ्रम की स्थिति पैदा करने वाली औषधियों को क्या कहते हैं?

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न- 2 अंक**

प्रश्न 1. मैटास्टेसिस से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 2. निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए-

(1) प्रतिरोधकता (2) वैक्सीन (3) इन्टरफेरॉन (4) टीकाकरण।

प्रश्न 3. जन्मजात एवं अर्जित प्रतिरोधकता में अन्तर लिखिए।

प्रश्न 4. स्वप्रतिरोधकता किसे कहते हैं ?

प्रश्न 5. एलर्जन क्या है ? एलर्जी किस प्रकार उत्पन्न होती है ?

प्रश्न 6. B-कोशिका एवं T-कोशिका क्या है ?

प्रश्न 7 सुजननिकी किसे कहते हैं ?

प्रश्न 8 औषधि व्यसन क्या है ? इसके क्या कारण होते हैं ?

**लघु उत्तरीय प्रश्न- 3 अंक**

प्रश्न 1 मानव शरीर एवं समाज पर ऐल्कोहॉल के प्रभावों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 2 साइकोट्रापिक औषधि किसे कहते हैं ?

प्रश्न 3 शामक औषधियाँ क्या हैं ये कितने प्रकार की होती हैं ? इनके प्रभाव लिखिए।

प्रश्न 4 इन्टरफेरॉन क्या है ?

प्रश्न 5 कैंसर क्या है ? कैंसर के प्रकार लिखिए तथा कैंसर रोग के प्रमुख कारण लिखिए।

प्रश्न 6 प्रतिरक्षात्मक तंत्र क्या है ? मनुष्य के प्रतिरक्षात्मक तंत्र के विभिन्न घटकों एवं उनकी भूमिकाओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 7 तंबाकू धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 8 व्यसन के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 9.सक्रिय एवं निष्क्रिय प्रतिरक्षा में चार अंतर लिखिये।

------------------------------------------------------------------------xx------------------------------------------------------------------------

**<u>अध्याय - 09</u>**

**खाद्य उत्पादन में वृद्धि की कार्यनीति को पाठ्यक्रम से हटाया गया हैं|**

# अध्याय 10

# मानव कल्याण में सूक्ष्म जीव

**स्मरणीय बिंदु-**

- सूक्ष्म जीव सर्वव्यापी होते हैं तथा यह अलग-अलग आकार प्रकार में पाए जाते हैं।
- जीवाणु भोजी एक प्रकार का विषाणु होता है जो जीवाणुओं का भक्षण करता है।
- सूक्ष्म जीव सेकेरोमाइसिस सेरेविसी द्वारा किण्वन जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया की जाती है जिसके माध्यम से ब्रेड, इडली, डोसा, टोडी, पनीर, चीज आदि उत्पादों का निर्माण किया जाता है|
- औद्योगिक स्तर पर किण्वित पेय पदार्थ जैसे कि बियर,व्हिस्की,एथेनॉल तथा प्रति जैविकों के निर्माण मे सूक्ष्म जीवों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।
- पेनिसिलियमनो टैटम नामक मोल्ड से पेनिसिलिन का उत्पादन किया जाता है जो कि सर्व प्रथम खोजा गया एंटीबायोटिक है।
- सूक्ष्म जीव महत्व पूर्ण रसायनों के संश्लेषण में भी भाग लेते हैं जैसे किएस्पर जिलसनाइगर (कवक) सेसिट्रिक अम्ल,एसीटो बेक्ट रएसिटाई (जीवाणु) सेएसिटिक अम्ल,क्लॉस्ट्रीडियम ब्यूटायलिकम (जीवाणु) सेब्यूट्रिक अम्ल तथा लैक्टोबैसिलस (जीवाणु) सेलैक्टिक अम्ल का उत्पादन किया जाता है।
- कई एंजाइम जैसे पेक्टिनेजेज,प्रोटिएजेज तथा स्ट्रेप्टोकाइनेजेज (स्ट्रेप्टोकोकसजीवाणु) आदि भी सूक्ष्म जैविक उत्पाद हैं।
- जैव सक्रिय अणु जैसे कि 'साइक्लोस्पोरिन A' (कवक उत्पाद) प्रतिरक्षा निरोधक के रूप में तथा 'स्टैटिन' (यीस्ट उत्पाद) काव्यापारिक स्तर पर रक्त कोलेस्ट्रॉल कम करने में उपयोग किया जाता है।
- वाहितमल (सीवेज) के प्राथमिक तथा द्वितीयक उपचार में सूक्ष्म जीव अवायुवीय ऑक्सीकरण करते हैं जिससे कि 'बायोगैस' का निर्माण होता है। बायो गैस मीथेन, हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन डाइऑक्साइड आदि गैसों का मिश्रण होती है तथा यह ज्वलनशील होती है।
- B.O.D.(बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड)ऑक्सीजन कि वह मात्रा है जो जीवाणु द्वारा 1 लीटर पानी में उपस्थित कार्बनिक पदार्थ काऑक्सीकरण करने में उपयोग की जाती है।
- गोबर गैस जिसमें बड़ी मात्रा में मीथेन गैस पाई जाती है, का निर्माण मीथेनोजन जीवाणु (मीथेनोबैक्टीरियम) द्वारा बायोगैस संयंत्र में किया जाता है जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक प्रचलित है।
- पीड़कों से फसलों को बचाने के लिए सूक्ष्म जीवों को जैव नियंत्रक के रूप में उपयोग किया जाता है, जैसे कि बेसिलस थूरिन्जिएन्सिस जीवाणु मे पाए जाने वाले' क्राईजीन' का प्रयोग बीटी कॉटन बनाने में, ट्राइकोडर्मा कवक का उपयोग रोगनियंत्रक के रूप मे, बैक्यूलोवायरसेस का प्रयोग कीटों को रोकने में किया जाता है।

- कई सूक्ष्म जीव जैसे जीवाणु, कवक तथा साइनोबैक्टीरिया जैव उर्वरक के रूप में मृदा की पोषण गुणवत्ता को बढ़ाते हैं। राइजोबियम जीवाणु लेग्यूमिनस पौधों की जड़ों में सहजीवी संबंध बनाकर निवास करता है तथा नाइट्रोजन स्थिरीकरण का कार्य करता है।
- एजोस्पाइरिलम तथा एजोबैक्टर मृदा में मुक्त अवस्था में निवास करके वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिरीकृत करते हैं।
